# कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी
# छत्तीसगढ़
## इंद्रावती खण्ड, पुराना मंत्रालय परिसर, रायपुर
दूरभाष क्रमांक-0771-2236685 ,2236446 फैक्स-0771-2224476, 2236684

Website : ceochhattisgarh.nic.in E-Mail : ceoraipur.cg@nic.in


:: अल्पकालिन निविदा सूचना ::

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 3261 दिनांक 11 AUG 2023

विधानसभा आम निर्वाचन–2023 एवं लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत राज्य में "मतदाता महोत्सव" के आयोजन हेतु मंच व्यवस्था/प्रदर्शनी आयोजन एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था हेतु अल्पकालिन निविदा

कार्यालय, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा **दिनांक 03 से 08 सितम्बर, 2023 को गांधी उद्यान, जी.ई. रोड, रायपुर में** "मतदाता महोत्सव" कार्यक्रम के आयोजन हेतु मंच व्यवस्था/प्रदर्शनी आयोजन, स्वल्पाहार एवं अन्य विविध वस्तुओ की आपूर्ति हेतु अल्पकालिन निविदा आमंत्रित किया जाता है।

निविदा प्रपत्र इस कार्यालय में उपस्थित होकर निर्धारित शुल्क **रूपये 500/–** नगद भुगतान कर दिनांक 28/08/2023 को अपरान्ह 12:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। अन्य जानकारी के लिए इस कार्यालय के Website:ceochhattisgarh.nic.in में देख सकते हैं अथवा कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

| | |
|---|---|
| निविदा फार्म विक्रय की प्रारंभिक तिथि | 12/08/2023 समय कार्यालयीन समयावधि में। |
| निविदा फार्म विक्रय की अंतिम तिथि | 28/08/2023 समय अपरान्ह् 12:00 बजे तक कार्यालयीन समयावधि में। |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 28/08/2023 समय अपरान्ह् 3:00 बजे तक। |
| निविदा खोलने की तिथि। | 28/08/2023 समय सायंकाल 4:00 बजे। |
| निविदा वैधता की अंतिम तिथि | 28/09/2023 समय अपरान्ह 03:00 बजे तक |

नोट– उक्त कार्य हेतु अमानत की राशि रूपये 20,000/– (राशि रूपये बीस हजार मात्र) कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छ0ग0 रायपुर के नाम से देय होगा।

(निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर)
संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी,
छत्तीसगढ़, रायपुर

# कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी
# छत्तीसगढ़

## इंद्रावती खण्ड, पुराना मंत्रालय परिसर, रायपुर

दूरभाष क्रमांक–0771–2236685 ,2236446 फैक्स–0771–2224476, 2236684

**Website : ceochhattisgarh.nic.in** **E-Mail : ceoraipur.cg@gov.in**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 3261 दिनांकः 11 अगस्त 2023

रायपुर दिनांक ..................................

टेण्डर फार्म नम्बर ............................

निविदा मूल्य रूपये 500/–

कुल पृष्ठ– 06

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी
छत्तीसगढ़

## :: निविदा फार्म ::

विधानसभा आम निर्वाचन–2023 एवं लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत राज्य में "मतदाता महोत्सव" के आयोजन हेतु मंच व्यवस्था/प्रदर्शनी आयोजन एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था हेतु अल्पकालिन निविदा

| | |
|---|---|
| निविदा फार्म विक्रय की प्रारंभिक तिथि | 12/08/2023 समय कार्यालयीन समयावधि में। |
| निविदा फार्म विक्रय की अंतिम तिथि एवं समय | 28/08/2023 समय अपरान्ह् 12:00 बजे तक कार्यालयीन समयावधि में। |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 28/08/2023 समय अपरान्ह् 3:00 बजे तक। |
| बड़ा लिफाफा एवं लिफाफा "अ" खोलने की तिथि एवं समय | 28/08/2023 समय सायंकाल 4:00 बजे। |
| निविदा वैधता की अंतिम तिथि | 28/09/2023 समय अपरान्ह 03:00 बजे तक |

1. फर्म का नाम ..................................................................
2. फर्म के स्वामी का नाम ..................................................................
3. फर्म का पता ..................................................................
   ..................................................................
4. फर्म रजिस्ट्रेशन नंबर ..................................................................
5. फर्म का दूरभाष नं. ..................................................................
6. बैंक ड्राफ्ट का विवरण

| स.क्र | बैंक का नाम | राशि | बैंक ड्राफ्ट नं0/ दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |

नियम एवं शर्ते :—

1- निविदा फार्म का मूल्य 500/— रूपये है, जो ''**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छ0ग0 रायपुर**'' के भण्डार कक्ष से कार्यालयीन समय में दिनांक 28/08/2023 समय अपरान्ह् 12:00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

2- उक्त कार्य हेतु अमानत की राशि रूपये 20,000/— (राशि रूपये बीस हजार मात्र) का भारतीय स्टेट बैंक अथवा अनुसूचित बैंकों के डिमांड ड्राफ्ट द्वारा कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छ0ग0 रायपुर के नाम से देय होगा। सफल निविदाकार की अमानत की राशि को रोक कर शेष को 01 माह के भीतर वापस किया जावेगा।

3- सफल निविदाकार की सुरक्षानिधि राशि रू 60,000 (राशि साठ हजार रूपये मात्र) अनुबंध के समय भारतीय स्टेट बैंक अथवा अनुसूचित बैंकों के डिमांड ड्राफ्ट/(ईएमडी) के माध्यम से कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छ0ग0 रायपुर के नाम से देय होगा, जमा करना होगा तदोपरांत अमानत की राशि वापिस किया जावेगा।

4- निविदा फार्म में निविदा मूल्य साफ, सुंदर और सुस्पष्ट अंको एवं शब्दों में लिखा जाना अनिवार्य होगा, कॉट—छॉट युक्त निविदा फार्म निरस्त कर दिया जावेगा।

5- निविदा फार्म के प्रति पृष्ठ पर निविदाकर्ता फर्म का हस्ताक्षर एवं सील अनिवार्य होगा।

6- लिफाफा ''ब'' में कुल न्यूनतम दर (C) प्रस्तुत करने वाले विविदाकार को सफल निविदाकार घोषित किया जावेगा।

7- **फार्म जमा करने का तरीका :—**

**(क) एक लिफाफा के ऊपर <u>लिफाफा "अ"</u> लिखकर उसके अंदर निम्न दस्तावेज रखें :—**

(A) फर्म पंजीयन प्रमाण—पत्र, की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति।

(B) PAN CARD की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति।

(C) फर्म का GST नम्बर (जो छत्तीसगढ़ में रजिस्टर्ड हो) सर्टिफिकेट की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति।

(D) 03 साल का इनकम टैक्स रिटर्न की प्रमाणित छायाप्रति।

(E) निविदाकार की पिछले तीन वर्षो (2020—21, 2021—22, 2022—23,) में Event Management के कार्य में औसत वार्षिक टर्न ओवर **रू 1.00 करोड़** होनी चाहिए। इस हेतु CA द्वारा प्रमाणित टर्न ओवर सर्टिफिकेट प्रस्तुत की जानी चाहिए।

(F) निविदा प्रस्तुत करने वाले निविदाकार को शासकीय संस्था में टेंट, साउण्ड एवं स्वल्पाहार से संबंधित समग्र कार्य करने का पिछले 5 वर्षों में न्यूनतम एक वर्ष का न्यूनतम 20 लाख रू का अनुभव होना चाहिए। उपरोक्त के संबंध में संबंधित शासकीय विभाग का कार्यादेश एवं प्राप्त भुगतान का Proof अथवा कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र का स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न करें।

(G) बैंक ड्राफ्ट

(H) निविदा फार्म (हस्ताक्षर किया हुआ)

**(ख) एक अन्य लिफाफा जिसके ऊपर <u>लिफाफा "ब" (दर का लिफाफा)</u>** लिखकर समग्र सामग्रियों का दर (Excluding GST) **<u>परिशिष्ट—"क"</u>** में भरकर तथा हस्ताक्षरित कर प्रस्तुत करें।

**(ग)** उक्त दोनो लिफाफे (**"अ" एवं "ब"**) बंदकर एक अन्य बड़े लिफाफे में डालेंगे। जिस पर फर्म का नाम, पता, दूरभाष का उल्लेख हो।

(घ) सीलबंद लिफाफा अनिवार्य रूप से मु.नि.प. कार्यालय में दिनांक 28/08/2023 को अपरान्ह् 3:00 बजे तक निर्धारित टेण्डर बाक्स में जमा करें। निर्धारित समय के बाद प्राप्त निविदा मान्य नहीं की जावेगी।

8- निविदा दिनांक 28/08/2023 को सायं 4:00 बजे कार्यालय के सभाकक्ष में खोली जावेगी, जिसमें आप/आपके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

9- निविदा खोलते समय सर्वप्रथम बड़े लिफाफे के पश्चात् **लिफाफा "अ"** खोला जायेगा। उसके मिलान के पश्चात शर्त की पूर्ति करने वाले फर्म का **लिफाफा "ब"** खोला जायेगा

10- बिना कारण बताये किसी भी निविदा के स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़, रायपुर को होगा।

11- प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर एवं छ0ग0 शासन भण्डार क्रय नियम 4.10 के नियमानुसार उचित गुणवत्ता की वस्तु का चयन किया जावेगा।

12- निविदा में स्वीकृत दर (Basic Rate) के साथ, वाणिज्य कर विभाग द्वारा उस समय जो जी0एस0टी0 दर लागू रहेगी, वही मान्य होगी। **परिशिष्ट "अ"** में दरें GST के बिना ही दी जावेगी।

13- निविदा मंजूर होने पर स्वीकृत निविदाकार को निर्धारित प्रारूप में अनुबंध करना होगा।

14- निर्धारित अवधि में अनुबंध न करने की स्थिति में निविदाकार की अमानत राशि राजसात (जप्त) कर ली जावेगी।

15- स्वीकृत दर अनुबंध दिनांक से 01 वर्ष तक के लिये लागू रहेगी।

16- कार्यक्रम स्थल रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्रांतर्गत कार्यक्रम स्थल तक सामग्रियाँ पहुंचाने का व्यय एवं जवाबदारी निविदाकार की होगी। इस हेतु कोई अतिरिक्त राशि देय नहीं होगी।

17- निविदाकार को प्रस्तावित दरों के अनुरूप भुगतान किया जावेगा। समस्त कर, विक्रय कर, उत्पाद शुल्क, स्थानीय कर वाहन व ढुलाई आदि का भुगतान निविदाकार की जिम्मेदारी होगी जिसके लिए किसी भी प्रकार के शुल्क का भुगतान इस कार्यालय द्वारा नहीं किया जावेगा।

18- सफल निविदाकार द्वारा ही सामग्री आपूर्ति कराया जावेगा।

19- निविदा में प्राप्त दर को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के समस्त अधिकार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छ0ग0 रायपुर को होगा।

20- निविदत्त फर्म द्वारा देयक प्रस्तुत करने पर देयक की राशि में से नियमानुसार आयकर (IT TDS) का एवं जीएसटी (GST TDS) कटोत्रा किया जावेगा।

21- शासन के निर्देशानुसार जी0एस0टी0 की कटौती करके भुगतान किया जावेगा एवं जी0एस0टी0 कटौती करके संबंधित शीर्ष में जमा किया जाकर नियमानुसार सर्टिफिकेट उपलब्ध कराया जावेगा।

22- निविदा के अनुसार सामग्री के प्रदाय न किये जाने अथवा सामग्री की क्वालिटी संतोषप्रद न होने अथवा किसी अन्य कारण से निविदा दावा की पुष्टि के कारण शासन को होने वाली वित्तीय हानि की राशि की पूर्ति करने हेतु निविदाकर्ता बाध्य होगा तथा पर्याप्त राशि जमा नहीं कराये जाने की दशा में ऐसी क्षति की राशि भू–राजस्व की तरह निविदाकर्ता से वसूली योग्य होगी।

**निविदा समापन :**

निविदा के नियम एवं शर्तो की प्रत्येक कण्डिका में उल्लेखित प्रकिया पालन करने हेतु सफल निविदाकार बाध्य होगा एवं उसका उल्लंघन करने पर अनुबंध समाप्त करने का अधिकार, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छ0ग0 रायपुर को होगा। इस परिस्थिति में निविदाकार की अमानत राशि राजसात (जब्त) कर ली जावेगी।

**विवाद की स्थिति :–**

1. किसी भी विवाद की स्थिति में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छ0ग0 रायपुर का निर्णय अंतिम होगा।
2. उक्त निविदा के तहत अनुबंध रायपुर में होगा। अतः किसी भी न्यायालयीन विवाद हेतु कार्य क्षेत्र रायपुर सीमित होगा।
3. निविदा प्रस्तुत करने का अर्थ होगा कि निविदाकार को उपर्युक्त सभी नियम एवं शर्ते मान्य है।
4. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा किसी भी समय निविदा को कार्यालयीन कारणों से निरस्त करने का अधिकार रहेगा।

## <u>घोषणा–पत्र</u>

उपरोक्त शर्ते मुझे पूर्णतः मंजूर है। इसके उल्लंघन होने पर मेरी अमानत राशि राजसात की जा सकेगी तथा अनियमितता पाए जाने पर हमारी फर्म के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही करने का पूर्ण अधिकार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़, रायपुर को होगा।

**हस्ताक्षर**

(निविदाकर्ता)

**नाम** : ..................................................

**पता** : ..................................................

..................................................

परिशिष्ट–"क"

दर का विवरण :–

निविदा के संदर्भ में मेरे द्वारा निम्नानुसार दरें (Excluding GST) प्रस्तुत की जा रही हैं–

| SN | Items: | Tentative Quantity | Basic Rate (Per Unit/Sqft) | Total |
|---|---|---|---|---|
| | | (a) | (b) | (c) |
| 01 | LED Wall | 300 Sqft | | |
| 02 | Plasma TV with Stand 55" Inch | 2 | | |
| 03 | Stage Monitor | 1 | | |
| 04 | Subwoofer | 4 | | |
| 05 | Column Speaker | 8 | | |
| 06 | Cordless Hand Mic | 4 | | |
| 07 | Corded Hand Micc | 4 | | |
| 08 | Podium Mic | 4 | | |
| 09 | Kramer Switcher | 2 | | |
| **Tent & Flex Branding** | | | | |
| 01 | Flex Branding | 15,000 Sqft | | |
| 02 | Water Proof Tent | 10,000 Sqft | | |
| 03 | Carpet | 12,000 Sqft | | |
| 04 | VIP Chair | 10 | | |
| 05 | Chair | 500 | | |
| 06 | Table | 40 | | |
| 07 | Center Table With Glass | 5 | | |
| 08 | Photo Pannel (As per sample available in office) | 20 | | |
| 09 | Acrylic Backlite Display Board with Stand (4X3 Sqft) | 10 | | |
| **Photography & Videography** | | | | |
| 01 | Photography Camera | 1 | | |
| 02 | Videography Camera | 1 | | |

| SN | Items: | Tentative Quantity | Basic Rate (Per Unit/Sqft) | Total |
|---|---|---|---|---|
| | | (a) | (b) | (c) |
| **Food Items** | | | | |
| 01 | **Veg Lunch Packet** (Food Items to be qoated) | 1500 | | |
| 02 | Water Bottle 250 ml (Bisleri/Kinley/Aquafina) | 2000 | | |
| **Generator Set** | | | | |
| 01 | Generator Set 125 KV with Diesel | 1-Set | | |
| **Miscellaneous items** | | | | |
| 01 | Stage Decoration with Original Real Flowers (As per Requrement) | | | |
| 02 | Photo Printing Color A4/A3 Size Glossy Paper | 500 | | |
| 03 | Certificate Printing A4 Size Hard Bond Paper | 500 | | |
| 04 | Flower Bouquet | 20 | | |
| 05 | T-Shirt Making Color Printing with LOGO | 500 | | |
| 06 | Cap Making Color Printing with LOGO | 500 | | |
| | | | **Grand Total (C)** | |

नोट–उपरोक्त दरें **GST** के बिना प्रस्तुत की जावे।

हस्ताक्षर

(निविदाकर्ता)

नाम : ..............................................

पता : ..............................................

..............................................

टीप :– प्रस्तुत दरों में किसी भी प्रकार का ऊपरी लेखन (कॉट–छाँट) मान्य नहीं किया जावेग।